भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2791
दिनांक 12 अगस्त, 2026 / 21 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए

मादक पदार्थों की तस्करी संबंधी मामले

2791 श्री आर. गिरिराजनः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्र सरकार द्वारा सीमा पर ड्रोन रोधी एवं निगरानी प्रौद्योगिकी के परिनियोजन तथा नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत सहायता सहित किस प्रकार का समर्थन प्रदान किया गया है;

(ख) क्या सरकार मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क को खत्म करने के लिए एक मजबूत केंद्र-राज्य ढांचे का प्रस्ताव करती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार विगत तीन वर्षों के दौरान देशभर में विभिन्न मादक पदार्थों, मनःप्रभावी पदार्थों एवं प्रीकर्सर रसायनों की जब्त की गई मात्रा संबंधी आंकड़ों को बनाए रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार और पदार्थ-वार ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क): भारत सरकार ने मादक पदार्थों सहित सीमा पार से तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं: -

(i) सीसीटीवी, ड्रोन, स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली, पैन, टिल्ट और जूम (पीटीजेड) कैमरा, नाइट विजन डिवाइस (एनवीडी) जैसे उन्नत निगरानी उपकरणों की तैनाती।

(ii) सुरक्षा बलों की सतर्कता और गतिशीलता बढ़ाने के लिए बाड़, सीमा चौकियों, सड़कों और हेलीपैड का विकास।

(iii) अवैध गतिविधियों की निगरानी के लिए गश्त, नाका प्वाइंट और मोबाइल टीमों के माध्यम से क्षेत्र में सघन प्रभुत्व स्थापित करना।

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2791, दिनांक 12.08.2026

(iv) वास्तविक समय (रियल टाइम) आधार पर सूचना साझा करने के लिए मौजूदा प्लेटफार्मों के माध्यम से आसूचना एजेंसियों और अन्य संगठनों के बीच बेहतर तालमेल।

(v) लोगों और वस्तुओं की नियंत्रित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित प्रवेश/निकास बिंदुओं की पहचान और उनका प्रबंधन।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा 15 अगस्त, 2020 को 272 चिन्हित सबसे संवेदनशील जिलों में नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) शुरू किया गया था। इसे अगस्त, 2023 से देश के सभी जिलों में विस्तारित किया गया है। नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थाओं, विश्वविद्यालय परिसरों और स्कूलों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लोगों तक पहुंचना और मादक पदार्थों के दुरूपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना है। सभी राज्यों के निरंतर समर्थन से, नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) देश भर में व्यापक जागरूकता और आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से 11.05 करोड़ युवाओं और 7.81 करोड़ महिलाओं सहित 29.05 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचने और उन्हें संवेदनशील बनाने में सक्षम रहा है। इस अभियान में 1.17 लाख से अधिक नशा मुक्ति मित्र शामिल हुए हैं।

(ख): मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को नष्ट करने के उद्देश्य से केंद्र-राज्य ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार ने विभिन्न उपाय किए हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं:-

(i) मादक पदार्थों की अवैध तस्करी तथा मादक पदार्थों के दुरुपयोग की चुनौती से निपटने के उद्देश्य से दिनांक 26.06.2026 को "मादक पदार्थ नियंत्रण संबंधी विजन डॉक्यूमेंट (2026-2029)" जारी किया गया है। इस विजन डॉक्यूमेंट का क्रियान्वयन संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/एजेंसियों तथा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा, प्रत्येक केंद्रीय मंत्रालय/विभाग/एजेंसी के लिए निर्धारित कार्रवाई-बिंदुओं तथा समय-सीमा के अनुरूप किया जाना है। विजन डॉक्यूमेंट में फोकस वाले निम्नलिखित चार प्रमुख क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं:-

(i) प्रवर्तन (आसूचना एवं संचालन)

(ii) प्रीकर्सर एवं सिंथेटिक ड्रग्स कण्ट्रोल

(iii) डिमांड एवं हार्म रिडक्शन

(iv) क्षमता निर्माण एवं समन्वय

(ii) भारत में मादक पदार्थों की तस्करी तथा मादक पदार्थों के दुरुपयोग को नियंत्रित करने के क्षेत्र में केंद्रीय तथा राज्य मादक पदार्थ विधि प्रवर्तन एजेंसियों तथा अन्य स्टेकहोल्डरों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए चार-स्तरीय (केंद्रीय स्तर पर शीर्ष तथा कार्यकारी समितियां और राज्य स्तर पर राज्य तथा जिला स्तरीय समितियां) नार्को-समन्वय केंद्र (एनकॉर्ड) स्थापित किया गया है। राज्य स्तरीय एनकॉर्ड बैठकों की अध्यक्षता मुख्य सचिव करते हैं जबकि जिला स्तरीय एनकॉर्ड बैठकें जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में आयोजित की जाती हैं तथा इन बैठकों में प्रवर्तन, खुफिया जानकारी साझा करने और निवारक उपायों की समीक्षा की जाती है।

(iii) स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा विकसित एनकॉर्ड पोर्टल जिला स्तर से लेकर केंद्रीय स्तर तक के सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए एक व्यापक गेटवे तथा ज्ञान प्रबंधन प्रणाली के रूप में कार्य करता है।

(iv) संयुक्त समन्वय समिति (जेसीसी) की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं, जिनमें राज्य में मादक पदार्थों से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों की जांच पर चर्चा करने के लिए सभी संबंधित केंद्रीय तथा राज्य एजेंसियां भाग लेती हैं। अब तक केंद्रीय स्तर पर 11 और राज्य स्तर पर 75 जेसीसी बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।

(v) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए, एनकॉर्ड सचिवालय के रूप में कार्य करने और विभिन्न स्तरों पर एनकॉर्ड बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुपालन पर अनुवर्ती कार्रवाई करने के लिए प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में, अपर महानिदेशक/महानिरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में एक समर्पित एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) गठित की गई है।

(vi) स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने देश भर में सक्रिय आदतन मादक पदार्थ अपराधियों की एक सूची राज्य पुलिस के साथ साझा की है। यह सूची स्वापक औषधियों और मन:प्रभावी पदार्थों की अवैध तस्करी की रोकथाम (पीआईटीएनडीपीएस) अधिनियम, 1988 के तहत बार-बार अपराध करने वाले और उच्च जोखिम वाले मादक पदार्थ तस्करों की पहचान करने तथा उनकी गिरफ्तारी (डिटेंशन) पर विचार करने सहित उपयुक्त निवारक कार्रवाई करने को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रसारित की गई थी। मादक पदार्थ विधि प्रवर्तन एजेंसियों (डीएलईए) ने पीआईटीएनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है और वर्ष 2025 के दौरान पूरे देश में 810 तथा जून, 2026 तक 427 आदतन मादक पदार्थ अपराधियों को गिरफ्तार करने संबंधी आदेश जारी किए गए हैं।

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2791, दिनांक 12.08.2026

(ग): राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा प्रकाशित वर्ष 2024 से संबंधित नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022-2024 के दौरान स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और मादक पदार्थ-वार जब्ती का ब्योरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

******

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2791, दिनांक 12.08.2026

अनुलग्नक-I

वर्ष 2022 के दौरान स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और मादक पदार्थ-वार जब्ती

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अफीम आधारित मादक पदार्थ	भांग आधारित मादक पदार्थ	कोकीन	मन:प्रभावी पदार्थ	मेडिसिनल प्रिपरेशंस			ड्रग प्रीकर्सर - एसिटिक एनहाइड्राइड	अन्य मादक पदार्थ		
		किग्रा.	किग्रा.	किग्रा.	किग्रा.	किग्रा.	संख्या	लीटर	किग्रा.	किग्रा.	संख्या	लीटर
1	आंध्र प्रदेश	0	169201.893	20.644	0.967	0	11803	0	0	0.063	0	0
2	अरुणाचल प्रदेश	26.063	3505.375	0	0	0.300	0	0	0	1.912	0	0
3	असम	337.437	49161.338	0.016	14.076	1.674	5281488	4397079.600	0	1.104	0	0
4	बिहार	7358.323	24627.38	0	0	0	47437	18237.900	0	0.200	0	0
5	छत्तीसगढ़	11.460	25288.058	0.100	0	7.330	519665	44403.200	0	120.651	144	0
6	गोवा	0.391	205.032	0.329	0.671	0	0	0	0	0.417	0	0
7	गुजरात	12838.989	14899.257	39.100	1392.730	0.364	0	1242.680	0	60.110	185	0
8	हरियाणा	11195.491	13642.608	0.022	0	81.003	812285	974.450	0	30.240	66602	6
9	हिमाचल प्रदेश	392.735	523.193	0.114	0.019	0	31652	225.500	0	27.372	62556	0
10	झारखंड	32376.732	4945.629	0	0	0	4601	257.950	0	0.262	0	0
11	कर्नाटक	36.752	10406.317	3.209	114.751	0	2820	34.000	0	16.209	0	0
12	केरल	4.167	5182.898	0.017	447.303	0.144	1548	0.013	0	4.744	1260	0.030
13	मध्य प्रदेश	32589.152	35766.474	0	5.527	6.291	35655	6702.520	0	2355.191	0	0
14	महाराष्ट्र	363.557	17322.333	2.782	24.500	14.600	22668	5240.308	0	2457.737	4	0
15	मणिपुर	17149.426	928.855	0	359.377	0	834967	3327.830	0	16.358	0	134.000
16	मेघालय	6.132	3985.685	0	1.438	0	19325	28.900	0	0	0	0
17	मिजोरम	41.888	129.071	0	217.571	0	0	63.800	0	0	0	0
18	नागालैंड	2066.934	5719.362	0	5.000	0	169433	251.560	0	0	0	0
19	ओडिशा	877.584	143303.45	0	0	0	0	0	0	0	0	0
20	पंजाब	46502.577	1836.068	0.168	30.526	793.223	6246151	5017.200	0	259.296	0	0
21	राजस्थान	146889.224	8258.512	0	9.412	4.106	665463	15.800	0	0.296	18725	0
22	सिक्किम	0	22.751	0	0	0	24629	9.803	0	1.332	0	0
23	तमिलनाडु	21.363	27223.301	0.104	47.423	1.545	76540	57.600	0	215.965	0	1.045
24	तेलंगाना	13.587	31742.405	0.206	0.149	0	117	0	0	15.283	395	100.370
25	त्रिपुरा	5.801	61789.559	0	0	0	155423	12294.500	0	0	0	0
26	उत्तर प्रदेश	4528.932	1030729.055	1.995	0.810	15300.713	933689	601.980	0	1435.496	0	75992.000
27	उत्तराखंड	59.995	1432.499	0.026	0	0	155201	307.000	0	0	0	0
28	पश्चिम बंगाल	5446.692	18313.855	0.015	18.658	0.181	579597	63873.980	0	118.366	52027	3308.880
29	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	41.220	0	19.459	0	325	2.600	0	0	0	0
30	चंडीगढ़	249.559	110.409	0	0	0.037	2627	0	0	0	0	0
31	दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव	3.320	7.834	0	0	0	0	0	0	0	0	0
32	दिल्ली	448.868	4721.096	2.982	321.447	0	353163	0	0	18.055	5	0
33	जम्मू और कश्मीर	15326.701	1631.939	0	11.169	38.200	201266	956.100	0	184.400	99510	0
34	लद्दाख	0.073	0.662	0	0	0	0	0	0	0	0	0
35	लक्षद्वीप	0	4.228	0	0	0	0	0	0	0	0	0
36	पुडुचेरी	0	90.448	0	0	0	20	0	0	0	0	0
	कुल	337169.905	1716700.049	71.829	3042.983	16249.711	17189558	4561206.774	0	7341.059	301413	79542.325

स्रोत: क्राइम इन इंडिया (एनसीआरबी)

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2791, दिनांक 12.08.2026

अनुलग्नक-I (**जारी**)

वर्ष 2023 के दौरान स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और मादक पदार्थ-वार जब्ती

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अफीम आधारित मादक पदार्थ	भांग आधारित मादक पदार्थ	कोकीन	मन:प्रभावी पदार्थ	मेडिसिनल प्रिपरेशंस			ड्रग प्रीकर्सर - एसिटिक एनहाइड्राइड	अन्य मादक पदार्थ		
		किग्रा.	किग्रा.	किग्रा.	किग्रा.	किग्रा.	संख्या	लीटर	किग्रा.	किग्रा.	संख्या	लीटर
1	आंध्र प्रदेश	1	54616.742	0	2.778	3	5525	0	0	7.275	0	7.275
2	अरुणाचल प्रदेश	118.333	2897.445	0	0	0.000	1748	0	0	0	0	0
3	असम	352.811	30349.898	0.783	5.374	0.92	3609812	1815347.226	0	23.577	0	0
4	बिहार	242.023	17813.589	3.09	0	0	39743	6114.789	0	42049.192	0	0
5	छत्तीसगढ़	164.779	23289.1	0.000	0	4.500	1502999	3714.614	21.8	109.085	0	0
6	गोवा	0.247	169.505	0.605	0.748	0	0	0	0	0.689	0	0
7	गुजरात	10385.516	12431.066	82.866	2.681	3.811	33258	2413.500	0	109.798	80	0
8	हरियाणा	18076.934	6145.938	0.141	0.541	26.3	490292	2511.100	0	1307.147	46533	0
9	हिमाचल प्रदेश	775.694	479.177	0	0.18	0.185	121218	1481.207	0	136.388	1120913	0
10	झारखंड	42363.468	2652.115	0	0.75	0	365	586.800	0	0.778	0	0
11	कर्नाटक	247.651	12205.383	2.532	59.159	0.623	6414	13.700	0	75.604	870	0
12	केरल	0.784	3137.726	0.001	16.89	1.914	594	0	0	1.211	31	0.000
13	मध्य प्रदेश	46192.778	21014.661	0.006	0.399	799.917	56470	5372.100	40.4	465.509	25	197.2
14	महाराष्ट्र	257.564	19404.851	2.304	27.435	185.640	32376	3341.53	0	2166.976	0	3595
15	मणिपुर	3817.605	199.203	0	99.951	4.025	222855	1181.320	0	14.992	704	0.000
16	मेघालय	16.124	1351.994	0	23.111	0.727	0	8742.500	0	0	0	0
17	मिजोरम	24.18	105.899	0	132.683	0	0	10.000	0	0	0	0
18	नागालैंड	885.139	142.3	0	0.000	0	111363	526.378	0	0	0	0
19	ओडिशा	6.48	171483.266	0	0	2.8	8220	9863.408	0	0	0	0
20	पंजाब	45954.313	1521.999	0.188	1.022	3.331	8619803	3747.640	0	128.527	82	0.004
21	राजस्थान	221161.978	9355.933	0.064	0.547	10538.527	427896	5596.990	0	1712.174	75	0
22	सिक्किम	0.009	0.8	0	0	0	33670	173	0	0.488	0	0
23	तमिलनाडु	1.055	23765.56	0.119	182.963	0.769	37743	15.030	0	368.505	427	0.402
24	तेलंगाना	11.957	28753.802	0.522	1.901	9.61	3377	0	13.477	155.889	2418	30.784
25	त्रिपुरा	18.262	33279.356	0	0	0	418945	13639.150	0	0	0	0
26	उत्तर प्रदेश	6626.423	45186.516	0.243	5186.774	901.795	1182218	8213.800	0	12371.449	31608	18340.000
27	उत्तराखंड	192.666	1621.328	1.55	0	0	797938	218.000	0	0	0	0
28	पश्चिम बंगाल	265.839	17366.665	0.086	1.3	207.155	1208408	44126.083	110.73	51	48150	1151.788
29	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	88.008	1.1	245.813	0	630	49.700	0	0	0	0
30	चंडीगढ़	231.868	58.002	0.005	0.22	0	958	1	0	0	0	0
31	दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव	0.000	4.233	0	0	0	0	0	0	0	0	0
32	दिल्ली	858.46	3559.829	15.318	30.371	2.212	519756	4070.72	0	0.054	0	0
33	जम्मू और कश्मीर	8799.577	2167.152	1.01	60.404	149.730	158776	5185.676	0	180.655	0	0
34	लद्दाख	52.768	20	0	0	0	0	0	0	0	0	0
35	लक्षद्वीप	0	1.385	0	0	0	0	0	0	0	0	0
36	पुडुचेरी	0	127.19	0	0.8	0	0	0	0	0	0	0
	कुल	408104.285	546767.616	112.533	6084.795	12847.491	19653370	1946256.961	186.407	61436.962	1251916	23322.453

स्रोत: क्राइम इन इंडिया (एनसीआरबी)

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2791, दिनांक 12.08.2026

अनुलग्नक-I (जारी)

वर्ष 2024 के दौरान स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और मादक पदार्थ-वार जब्ती

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अफीम आधारित मादक पदार्थ	भांग आधारित मादक पदार्थ		कोकीन	मन:प्रभावी पदार्थ		मेडिसिनल प्रिपरेशंस			ड्रग प्रीकर्सर - एसिटिक एनहाइड्राइड	अन्य मादक पदार्थ		
		किग्रा.	किग्रा.	लीटर	किग्रा.	किग्रा.	संख्या	किग्रा.	संख्या	लीटर	किग्रा.	किग्रा.	संख्या	लीटर
1	आंध्र प्रदेश	3.128	52129.7	0	0	8.408	0	0	8028	4.8	0	0	0	0
2	अरुणाचल प्रदेश	142.331	22.174	0	0	0	0	0.000	680	0	0	0	0	0
3	असम	334.143	23314.355	0	0.002	2.012	0	0	3331509	739090.690	0	0.355	0	0
4	बिहार	161.922	26949.595	0	0.428	2.7	0	0	163024	10925.970	0	5873.364	0	1.5
5	छत्तीसगढ़	4211.120	24638.774	0	0.188	53.264	0	0.000	267539	930.700	0	0	601	0
6	गोवा	0.604	263.339	0	0.84	1.981	0	0	0	0	0	15.149	0	0
7	गुजरात	6702.765	6442.97	0	0.169	62.164	0	0	1264	1189.838	0	96.400	10020	0
8	हरियाणा	15768.534	8895.155	0	0.382	0.118	0	8.486	1042026	4877.440	0	933.873	0	0
9	हिमाचल प्रदेश	903.143	404.685	0	0	0.021	0	5.264	55612	18.300	0	0.25	77	0
10	झारखंड	28502.073	3816.904	0	0	0	0	0	9764	1165.700	0	4874.905	0	0
11	कर्नाटक	55.004	13402.549	3750	4.389	113.93	40	0	20171	58.400	0	0.052	0	0
12	केरल	1.335	4755.158	1.546	0.005	39.78	13	0.016	702	0	0	0.024	782	0.000
13	मध्य प्रदेश	70863.452	24232.286	0	0.095	9.259	0	359.979	303292	14916.800	60.98	366.834	2230	98.1
14	महाराष्ट्र	376.272	29837.765	0	8.22	22.987	2	0.580	101958	1526.92	0	2320.039	1	0
15	मणिपुर	37.39	63.566	0	0	60.217	0	0	121357	7.200	0	0.005	0	0.000
16	मेघालय	7.22	5074.115	0	0	13.584	0	1.775	308	534.900	0	0	0	0
17	मिजोरम	59.574	221.283	0	0	297.424	0	0	0	0.000	0	1075	0	0
18	नागालैंड	57.689	4545.321	0	0	0.000	0	0	105408	1919.600	0	0	0	0
19	ओडिशा	20.203	141683.36	0	0	0	0	0	30208	5886.3	0	0	0	0
20	पंजाब	41855.523	981.88	0	0.636	22.404	0	17.478	29554092	190.390	0.035	73.327	0	1.75
21	राजस्थान	189729.74	11156.678	0	0.197	177.731	0	3510.94	840390	293.570	0.044	669.622	237	0
22	सिक्किम	1.637	0.048	0	0	0	0	0	26060	205.5	0	0	0	0
23	तमिलनाडु	5.12	21678.53	22.374	1.157	89.373	1766	0.805	164039	0.000	0	32.818	0	0
24	तेलंगाना	9.789	21610.674	85.301	0.905	11.384	0	0	13290	0	0	326.04	103	243.230
25	त्रिपुरा	11.17	17739.326	0	0	0	0	0	1780968	6412.145	0	0	0	0
26	उत्तर प्रदेश	4021.084	63832.545	0	0	19.880	0	285.459	719487	554.000	0	5125.015	6617	6775.200
27	उत्तराखंड	501.987	2199.362	0	0.379	0.365	0	0	270340	0.000	0	0.199	0	0
28	पश्चिम बंगाल	1249.692	21427.059	0	3.82	31.585	0	160.329	494983	60267.024	0	24.611	3632	110.145
29	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	21.134	62.541	0	1.263	6028.062	0	0	1435	0.000	0	0	0	0
30	चंडीगढ़	9.047	47.065	0	0.126	0.229	0	0	7	1823	0	0	0	0
31	दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव	0.000	7.902	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
32	दिल्ली	270.135	5020.434	0	1294.179	29.302	0	237.986	932128	900	0	303.757	0	0
33	जम्मू और कश्मीर	3800.71	1153.67	0	0	2.83	0	0.000	127699	552.800	0	20.000	0	0
34	लद्दाख	1.172	14.714	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
35	लक्षद्वीप	0	2.703	0	0	0.043	0	0	0	0	0	0	0	0
36	पुडुचेरी	0	46.864	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
	कुल	369695.842	537675.049	3859.221	1317.380	7101.037	1821	4589.1	40487768	854251.987	61.059	22131.639	24300	7229.925

स्रोत: क्राइम इन इंडिया (एनसीआरबी)